# अयोध्या में काशी तमिल संगमम् 4.0 छात्र प्रतिनिधिमंडल का भव्य और पारंपरिक स्वागत

प्रविष्टि तिथि: 05 DEC 2025 12:50PM by PIB Delhi

काशी तमिल संगमम् 4.0 के अंतर्गत प्रयागराज से रवाना हुआ छात्र प्रतिनिधिमंडल कल रात्रि 10 बजे पवित्र नगरी अयोध्या पहुँचा, जहाँ सांस्कृतिक प्रेक्षागृह में उनका भव्य एवं पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में एडीएम सिटी योगेंद्र पांडेय, एसडीएम अशोक सैनी, गजेंद्र सिंह, अरविंद कुमार तथा एसपी सिटी चंद्रपाणी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



छात्रों के आगमन पर पूरा परिसर ‘‘जय श्री राम’’ के उद्घोष से गूँज उठा। ढोल–नगाड़ों की ताल पर हुए ऊर्जामय स्वागत में छात्र भी शामिल हुए और उत्साह से नृत्य कर कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया। तमिलनाडु की पारंपरिक प्रस्तुतियाँ 'परियमला और थप्पटम' ने उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता की अनुपम झलक प्रस्तुत की।




प्रतिनिधिमंडल ने इसके बाद विविध आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया, जिनमें भारतीय कला एवं परंपराओं की समन्वित अभिव्यक्ति देखने को मिली। कार्यक्रम उपरांत छात्रों के लिए सुस्वादु भोजन की व्यवस्था की गई और उसके पश्चात विश्राम हेतु उन्हें स्थान आवंटित किया गया।



अयोध्या में हुआ यह स्वागत समारोह काशी और तमिल संस्कृति के आत्मीय संगम तथा भारत की विविधता में एकता की अद्भुत भावना का प्रतीक बना।

***

**SC/AK/DS**

(रिलीज़ आईडी: 2199309) आगंतुक पटल : 216